दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 25.01.2025

प्रकाशनार्थ

मतदाता दिवस पर एन.सी.सी कैडेट्स द्वारा जागरूकता रैली एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

दिनांक 25.01.2025 गोरखपुर। समाज में मतदान के महत्व को उजागर करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करने के उद्देश्य से आज दिनांक 25.01.2025 को 44 यूपी वाहिनी एन.सी.सी., गोरखपुर के तत्वावधान में दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर की एन.सी.सी. प्लाटून/कम्पनी के एनसीसी कैडेट्स द्वारा मतदाता दिवस पर एन.सी.सी कैडेट्स द्वारा जागरूकता रैली एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

एन.सी.सी कैडेट्स ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2025 की थीम 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' पर आधारित पोस्टर, बैनर और स्लोगन के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूकता फैलाई तथा मतदाताओं को उनके अधिकार और कर्तव्य के रूप में वोट करने पर गर्व करने के लिए अभिप्रेरित किया। विभिन्न नारों के द्वारा कैडेट्स ने नागरिकों को उनके वोट के मूल्य को पहचानने और उसके द्वारा देश को बदलने वाली शक्ति को पहचानने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9:00 बजे बी०एड० विभाग से हुई। सर्वप्रथम कैडेट्स ने मतदाता शपथ ली, जिसमें उन्होंने निष्पक्ष, निर्भीक और जागरूक होकर मतदान करने की प्रतिज्ञा की। उसके उपरान्त जागरूकता रैली कॉलेज परिसर और आस–पास के क्षेत्रों में आयोजित की गई, जिसमें कैडेट्स ने मतदान को अधिकार और कर्तव्य के रूप में अपनाने का संदेश दिया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने एन.सी.सी. कैडेट्स की इस पहल की सराहना की और सभी नागरिकों से लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया।

महाविद्यालय के एन.सी.सी सी.टी.ओ. डॉ. सुभाष चन्द्र तथा प्रशिक्षक श्री सत्येन्द्र कुमार यादव ने कैडेट्स के साथ मतदाता शपथ ग्रहण करते हुए सम्पूर्ण कार्यक्रम के सफ़ल आयोजन में अपना मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के एन.सी.सी. कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क